वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 14 शुक्रवार 9 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रशासन सतर्क, हम भी सजग रहें


## छुट्टियां रद्द, थानों में 50 प्रतिशत से ज्यादा पुलिसकर्मी हर वक्त तैनात रहेंगे

जयपुर. कासं

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जयपुर सजग, सतर्क और अलर्ट है। गुरुवार देर शाम कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी और पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई आदेश जारी किए। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त करते हुए उन्हें तत्काल ड्यूटी पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सभी विभागों की आपात बैठक बुलाई है। कमिश्नर जोसफ ने सभी एसएचओ और 50% से ज्यादा जाब्ता को हर वक्त थानों में मौजूद रहने के आदेश दिए हैं। एयरफोर्स स्टेशन और सैन्य ठिकानों के आस-पास बाहरी सुरक्षा के लिए फोर्स तैनात कर दी। शहर के सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मंदिर व पर्यटन स्थलों पर भी निगरानी बढ़ा दी है। नाहरगढ़ पहाड़ी की ओर जाने वाले रास्ते को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। ऐसे समय में नागरिक धर्म निभाने की जिम्मेदारी हमारी भी है। इसके लिए सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों से बचें। प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### खाली थानों में एसएचओ लगाए, चेकिंग पॉइंट दोगुने किए

कमिश्नर जोसफ ने आदेश जारी कर खाली थानों में एसएचओ नियुक्त किए। इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सैनी को सदर, बलवीर सिंह को चित्रकूट, हवा सिंह यादव को बजाज नगर, बृजमोहन कविया को बनीपार्क और वीरेंद्र सिंह को शिवदासपुरा थाने का एसएचओ लगाया है। **आवश्यक वस्तुएं, खाद्य सामग्री, दवाइयां, पेट्रोल पंपों को ईंधन पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश:** कलेक्टर ने आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था के तहत खाद्य वस्तुएं, दवाइयां और पेट्रोल-डीजल जैसी जरूरी चीजों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। सिविल डिफेंस अलर्ट- सिविल डिफेंस और अन्य स्वयंसेवकों को अलर्ट किया है। **ब्लैकआउट के निर्देश:** सायरन बजते ही पूरे जिले में ब्लैकआउट करने को कहा गया है, जिससे सुरक्षा कारणों से रात में रोशनी न रहे। 24x7 कंट्रोल रूमः कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम लगातार कार्य कर रहा है और एडीएम स्तर के अधिकारियों को वहां नियुक्त किया गया है। **आपात बैठक:** खाद्य आपूर्ति, ईंधन, चिकित्सा, बिजली, पानी और



अग्निशमन जैसी आवश्यक सेवाओं की तैयारी के लिए शुक्रवार को सभी विभागों की आपात बैठक बुलाई है।

**100 जगह चेकिंग पॉइंट:** शहर में नाकाबंदी के पॉइंट 50 से बढ़ाकर 100 कर दिए और सभी अधिकारी भी गश्त पर उतरे।

**ब्लड बैंकों को अलर्ट:** सभी ब्लड बैंकों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। उन्हें किसी भी स्थिति में खून की कमी न होने की बात की है।

**समय से पहले रिपोर्टिंग:** शुक्रवार को सभी सरकारी कर्मचारी कार्यालय समय से पहले उपस्थित हों, इसके निर्देश भी दिए गए हैं। रेलवे; ट्रेनों के संचालन और स्टेशनों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जीएम अमिताभ ने मुख्यालय सहित चारों मंडलों में ट्रेन संचालन और स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए कहा है। इसके बाद मुख्यालय, जयपुर सहित चारों मंडलों में कंट्रोल रूम बनाए हैं, जहां से 3 शिफ्ट में 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाएगी। बांदीकुई, मेड़ता रोड, लालगढ़ और उदयपुर में रेल रक्षक दल तैनात किए हैं। हर दल में 10-10 रेलकर्मी हैं। इसमें 8 जवान आरपीएफ और 2 कैरिज व वैगन (सीएंडडब्ल्यू) विभाग के कर्मचारी हैं। हर कंट्रोल रूम में एक बड़ी स्क्रीन लगी है, जिससे ट्रेन का रनिंग स्टेटस पर निगरानी की जाएगी। अगर कोई भी ट्रेन किसी स्टेशन या रास्ते में अनावश्यक खड़ी या लेट (डिटेन) होती है, तो स्टेशन स्टाफ को तुरंत मैसेज किया जाएगा। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ट्रैक पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। इस दौरान फिश प्लेट, सिग्नल की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। चारों मंडलों में 346 रेलकर्मी सिविल डिफेंस में लगाए गए हैं। अजमेर में 70, जयपुर में 101, बीकानेर में 45 और सबसे अधिक जोधपुर मंडल में 130 कर्मी तैनात हैं।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला जयपुर में आज से

## केरल की काली मिर्च से लेकर कश्मीरी केसर तक, देशभर के मसाले एक छत के नीचे



**जयपुर. कासं।** जयपुर में 9 मई से राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2025 का आयोजन होने जा रहा है। जवाहर कला केंद्र के दक्षिण परिसर में 18 मई तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल के अनुसार, राजस्थान 2003 से सहकार मसाला मेले का आयोजन कर रहा है। यह देश का एकमात्र राज्य है जो उपभोक्ताओं को शुद्ध मसाले उपलब्ध कराने की यह पहल करता है। पिछले साल मेले में 3.25 करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी। इस वर्ष मेले का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर किया जा रहा है। मेले में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट उत्पाद उपलब्ध होंगे। केरल से काली मिर्च और लौंग, तमिलनाडु से हल्दी और दालचीनी, आंध्र प्रदेश से लाल मिर्च और काजू तथा कश्मीर से केसर मिलेगी। राजस्थान के स्थानीय उत्पादों में मथानिया की मिर्च, नागौर का जीरा, सिरोही की सौंफ, प्रतापगढ़ की हींग और बीकानेर के पापड़ शामिल हैं। मेला सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। प्रवेश और पार्किंग निशुल्क है। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में आगन्तुक ग्राहकों के लिए प्रतिदिन लक्की ड्रॉ और समापन पर मेगा बम्पर ड्रॉ की व्यवस्था भी की गई है। प्रतिदिन तीन लक्की ड्रॉ निकाले जाएंगे, जिनमें प्रथम पुरस्कार में 5100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार में 3100 रुपए और तृतीय पुरस्कार में 2100 रुपए का मसाला गिफ्ट हैम्पर दिया जाएगा। इसी प्रकार, मेले के समापन में होने वाले मेगा बम्पर ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार में स्मार्ट टीवी, द्वितीय पुरस्कार में डबल डोर फ्रिज और तृतीय पुरस्कार में आटा मिलेट चक्की दी जाएगी।

# सितार की धुनों पर सजीं रंगों की कल्पनाएं

## पं. भट्ट के राग मधुवंति ने मोहा चित्रकारों का मन; कलाकारों ने कहा- मिली नई प्रेरणा

**जयपुर. कासं।** जवाहर कला केंद्र में चल रहे अखिल भारतीय 'रंगरीत कला महोत्सव' में कला और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रख्यात सितार वादक पं. हरिहरशरण भट्ट ने कल्याण थाट के राग मधुवंति की मधुर धुनों से चित्रकारों और कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर पं. महेंद्र शंकर डांगी ने संगत की।



वरिष्ठ चित्रकार समंदर सिंह खंगारोत 'सागर' ने कहा कि मधुवंति की कोमल रागिनी ने उनकी कल्पना में नई ताजगी भर दी। चित्रकार सुधीर वर्मा ने सितार की सुर लहरियों के साथ रंगों की यात्रा को अद्भुत बताया। महोत्सव संयोजक रामू रामदेव ने बताया कि शुक्रवार शाम 4 बजे जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना ज्योति भारती गोस्वामी और उनकी शिष्याएं चित्रकारों के सृजन के समय नृत्य प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न कला रूपों के बीच संवाद स्थापित करना और कलाकारों को नई प्रेरणा देना है।

# तीन दिवसीय भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन समारोह सम्पन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में तीन दिवसीय भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन समारोह सम्पन्न। मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एम पी जैन ने बताया कि सर्वांग भूषण आचार्य श्री चैत्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं परम सानिध्य से प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जिनेश ,(चीकू ) भैया के द्वारा आज मन्दिर जी प्रांगण में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का पंचकल्याणक महोत्सव कि 23 वीं वर्षगांठ पर सआनंद संपन्न हुआ। एम पी जैन ने बताया कि आज 8 मई का दिन हमारे लिए बहुत गौरवशाली दिन है क्योंकि आज हमारे मूल नायक महावीर भगवान की पद्मासन प्रतिमा जी का पूज्य मुनि पुगवं सुधा सागर जी महाराज के द्वारा प्रतिष्ठापित किया गया था। उस उत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे समाज ने एकजुट होकर आज भगवान का 108 स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं स्वर्ण झारियो से शांति धारा की। प्रचार संयोजक जिनेश कुमार जैन ने बताया कि प्रथम कलस से अभिषेक कांता देवी, मुकेश - अनीता बड़जात्या परिवार को एवं मूल वेदी में शांति धारा करने का परम सोभाग्य डॉ.सतीश-ममता जैन परिवार को मिला साथ ही छत्र विराजमान करने का परम सौभाग्य सुरेंद्र- माया जैन परिवार एवं चंवर ढुलाने का देवेंद्र छाबड़ा तेरापंती परिवार को मिला। मंत्री ज्ञान बिलाला ने बताया की कुबेर इंद्र बनकर रत्न वर्षा करने का सोभाग्य इमरती देवी-राजकुमार गंगवाल परिवार इंफाल वालों को मिला। संगठन मंत्री विनेश सोगानी ने बताया कि सन्तोष-अलका कासलीवाल, सुधीर - अंजलि बोहरा, महेंद्र -चंदा देवी कासलीवाल, संजय-उषा छाबड़ा एवं मंजू लता छाबड़ा राजावास परिवार को भी शांति धारा करने का सौभाग्य मिला। उप संगठन मंत्री मुकेश कासलीवाल ने बताया कि चतुष्कोणीय कलश स्थापित करने का सोभाग्य एम पी जैन - रक्षा जैन, कैलाश- आशा सेठी,विनेश - प्रीति सोगानी एवं सुरेंद्र-सोनल को मिला। उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने बताया कि महावीर विधान के कलशों का सोभाग्य विकास- नीतू पाटनी, अरूण - आशा जैन, प्रदीप-हिमानी जैन, राजेंद्र सुनीता जैन एवं कैलाश-आशा सेठी परिवार को मिला। कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी ने बताया कि मंगल दीप प्रजवलन करने का सोभाग्य कांता देवी मुकेश - अनीता बड़जात्या को मिला। भोजन व्यवस्था के संयोजक सतिश कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रमों के तपश्चात पूरे वरुण पथ मानसरोवर समाज का एक सामूहिक खाना हुआ। महिला मंडल की अध्यक्षा सुशीला टोंग्या एवं मंत्री हिमानी जैन ने बताया कि मंदिर प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी गण बीरेश जैन टी टी,अरविंद गंगवाल अनिल दीवान, ताराचंद वैद, सुरेश जैन बांदीकुई, पदमचंद जैन भरतपुर,अजीत जैन, गिरीश जैन, कमल गोदिका,निर्मल शाह,संतोष कासलीवाल, एवं महिला मंडल कि पदाधिकारी गण रजनी लुहाड़िया , मंजू कासलीवाल, कृष्णा जैन एवं अन्य सदस्यों सहित काफी बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रेड क्रॉस स्थापना दिवस पर अस्पताल में सफाई अभियान से की शुरूआत

## स्वच्छता के साथ सुचिता की आवश्यकता है: डा दीपक मिश्रा



**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

भारतीय रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर आज शासकीय जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान के साथ रेडक्रास सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ दीपक मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता के साथ जीवन में सुचिता का होना भी जरूरी है स्वस्थ रहने के लिए स्वस्छ रहना भी आवश्यक है हम सब अपने आस पास ही साफ सफाई रखे और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे और अपने आप को सुखी भी रख सकते। इसके पहले रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने कहा कि रेडक्रास एक ऐसी सेवा भावी संस्था है जो पूरे विश्व ने विना किसी भेदभाव के सेवा कार्य में लगीं हुई है आपात स्थिति में सेवा का सबसे पहले मौका रेडक्रास को ही मिलता है रेडक्रास के कार्यकर्ता हर स्थिति में समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार रहते हैं यही विशेषता इसको अन्य संस्थाओं से अलग बनाती है आज सेवा सप्ताह में स्वक्षता के लिए काम कर बहुत अच्छा लगा डॉ जय मंडल यादव ने कहा कि हम आज स्थापना दिवस से सेवा सप्ताह को प्रारंभ कर रहे हैं प्रति दिन कुछ नया करने के संकल्प के साथ डा हरवीर सिंह रधुवंशी ने कहा कि हम रेडक्रास से नये नये सेवा भावी साथियों को जोड़ेंगे। इस दौरान विपिन सिंघई ने कहा कि कल वृद्धा आश्रम पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्वस्थ परिक्षण शिविर का आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नो बजे होगा इसके वाद फल वितरण व अन्य कार्यक्रम किये जायेंगे सफाई अभियान में संजय रघुवंशी, राजीव जाट रामकुमार चौधरी हरवंश जूनेजा विकास जैन बल्ली वेदराम लोधी अशोक जी शर्मा महेश जी शर्मा बालचंद जी नरवरिया डॉ राजकुमार शर्मा डॉक्टर आनंद मोहन दुबे रामकुमार ओझा आदि प्रमुख जनो ने अपनी सेवाएं दी।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयन्ती भव्य पद रैली बेनर का विमोचन



कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया। जैन समाज के सुभाष पहाडिया ने बताया कि आज जैन स्कुल पलटन गेट पर सुबह 9 बजे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती की उपलक्ष्य पर आयोजित पद रैली टीम द्वारा जैन समाज के श्री जैन वीर मण्डल व धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यो के सानिध्य मे आयोजन कृता टीम द्वारा पोस्टर का विमोचन करते सोभागमल गगवाल, अशोक कुमार विनोद कुमार नरेश कुमार , झाझरी, देवैन्द कुमार अजित कुमार , पहाडिया पवन गोधा अशोक कुमार अजमेरा, सदीप पाडंया व जैन स्कूल के स्टाफ विमोचन कर केसरिया भव्य शोभायात्रा मे ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर सहयोग करने का आवाहन किया।




# आचार्य विनम्र सागर जी के प्रवचनों का सार संसार में असर है

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया



इंदौर। दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में आज जीवन है पानी की बूंद कब मिट जाऐ रे के रचयिता उच्चारणाचार्य विनम्र सागर जी महाराज ने धर्म सभा में प्रवचन देते हुए कहा कि संसार के राग में संतुष्ट मत होना। संसार में असार है असार में सार है। जो भी वस्तु तुम्हें प्राप्त है उसमें असार है, सार दिखता नहीं जो दिखता है वह असार है तुम असार को ही सार समझ बैठे हो सार जब भी निकलेगा असार से ही निकलेगा। सार मिलता नहीं वस्तु से ही सार निकाला जाता है। दूध का सार घी है लेकिन दिखाई नहीं देता, मिट्टी में भी सोना है लेकिन दिखाई नहीं देता जो दिखाई देता है वह असार है और असार को सार समझना भ्रांति है ।सार को प्राप्त करने के लिए विधि अनुसार पुरुषार्थ करना पड़ता है। सार सभी में हैं जिंदगी के सार को समझने का पुरुषार्थ करें संसार मिट जाएगा अन्यथा संसार बढ़ जाएगा, संसार का बढ़ना जीवन की सार्थकता नहीं है। धर्म सभा में मुनि श्री विनत सागर जी ने भी प्रवचन देते हुए कहा कि सच्चा जैन कहलाने का अधिकारी वही हैं जो अष्ट मूल गुणो और श्रावक के 6 आवश्यक कर्तव्यों देव पूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप और दान का पालन करता है। धर्म सभा का संचालन जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष श्री भूपेंद्र जैन ने किया। धर्म सभा में मुनि श्री विनतसागरजी के ग्रहस्थ जीवन के पिता महेश चंद्र जैन,हीरालाल शाह,अरविंद सोधिया, रूपचंद जैन, आलोक जैन, वीरेंद्र जैन आदि गणमान्य उपस्थित थे। **डॉक्टर जैनेंद्र जैन परिवार को मिला आहार देने का सौभाग्य:** छत्रपति नगर में दिगंबर जैन समाज एवं जिनालय ट्रस्ट के कार्य अध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन के परिवार को आचार्य विनम्र सागर जी महाराज को अपने निवास पितृ पुरुषार्थ पर नवधा भक्ति पूर्वक एवं निरंतराय आहार कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ जैनेंद्र जैन सहित धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू, श्रीमती मुक्ता जैन, सुरेखा रसिया, मीना जैन, रजनी जैन, रचना जैन टारगेट, सुरेखा जैन गुना, साधना जैन एवं महिपाल बगड़िया, देवेंद्र जैन हीरु आदि लोगों ने आचार्य श्री को आहार देकर पुण्यार्जन किया।

# शांति विधान से की विश्व में शांति और मानवता की प्रगति की प्रार्थना

## आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधि संस्मरण व्याख्यान का हुआ आयोजन

सीकर. शाबाश इंडिया



सीकर के बजाज रोड स्थित दिगम्बर जैन तेरह पंथ पंचायती नया मन्दिर जी में श्री शांतिनाथ विधान कराया। संगीतमय श्री शांतिनाथ महामंडल गुरुवार को प्रातःनित्य अभिषेक शांति धारा के पश्चात श्री मे आचार्य विद्यासागर महाराज और आचार्य समय सागर महाराज जी के शिष्य ब्रह्मचारी संजीव भैया ब्रह्मचारी अंकित भैया के सानिध्य में आयोजन हुआ प्रियंक गंगवाल ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में जैन धर्म के अनुयायियों ने अत्यंत भक्ति भाव से भाग लिया। शांति विधान के माध्यम से समस्त जीवों के कल्याण,विश्व में शांति और मानवता की प्रगति की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से विश्व कल्याण के और वातावरण शुद्ध हो और वैश्विक शांति स्थापित हो सके। शांति विधान में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं ने समाज और देश के लिए एकता, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। जैन धर्म में इसे आत्मशुद्धि और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग माना जाता है, जहां व्यक्ति भौतिक इच्छाओं का त्याग कर आत्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर गोपाल लाला परिवार को सौधर्म इंद्र,पवन सेठी परिवार को यज्ञनायक इंद्र,पवन छाबड़ा परिवार को धनपति कुबेर,विनोद पाटनी परिवार को इशान इंद्र व सुरेश बाकलीवाल परिवार को सानत कुमार इंद्र बनने का सुअवसर प्राप्त हुआ। परिवार की सुख समृद्धि और शांति की कामना के लिए शांतिनाथ विधान किया गया। इस अवसर पर धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधि संस्मरण बताते हुए ब्रह्मचारी राजीव भैया ब्रह्मचारी अंकित भैया ने बताया किचंद्रगिरि तीर्थ में ली थी अंतिम सांस आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने 17 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ में अंतिम सांस ली थी। उन्होंने 3 दिन से उपवास धारण कर रखा था। महा समाधि में प्रवेश करने से पहले सिर्फ ह्यॐह्व शब्द कहा। सिर हल्का सा झुका और महा समाधि में लीन हो गए ये आखिरी क्षण तक आचार्यश्री के साथ रहे बाल ब्रह्मचारी राजीव भैया अंकित भैया भैया ने बताया। इससे पहले 6 फरवरी को उन्होंने मुनि योग सागर जी से चर्चा करने के बाद आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने मुनि समय सागर जी महाराज को आचार्य पद देने की घोषणा भी कर दी थी ।जीवन में जो पुण्य अर्जित किया, वो सब ईश्वर चरणों में विसर्जित है प्रवचन में आगे आचार्यश्री के बारे में बताते हुए कहा कि आचार्य श्री कहते थे कि जीवन में जो भी पुण्यार्जन हुआ, उस सबसे मुझे कोई भी वास्ता नहीं है। सब नश्वर है, किंतु उस पुण्य से जो बंधा हुआ है, साथ ही अपने गुरु को याद करते हुए अंतिम क्षण में कहां शरीर में शिथिलता है, लेकिन अंदर से यथावत गुरु के वचन से स्मृति पटल पर अंकित है। जैसे हम प्रशस्ति पढ़ते हैं, वैसे ही स्मृति पटल पर अंकित है। गुरु को नमस्कार हो, गुरु के भी गुरु को नमस्कार हो, प्रभु ही प्रभु दिखें।

# वेद ज्ञान


## मनुष्य की तलाश

मनुष्य की तलाश, यह स्वर अक्सर सुनने को मिलता है। यह भी सुनने को मिलता है कि आज आदमी आदमी नहीं रहा। दार्शनिक खलील जिब्रान का कथन है कि ईश्वर का पहला चिंतन था-फरिश्ता और ईश्वर का ही पहला शब्द था मनुष्य। ईश्वर के प्रारंभिक दोनों ही चिंतन आज लुप्तप्राय हैं। इन्हीं स्थितियों के बीच दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन की इन पंक्तियों का स्मरण हो आया, हमने पक्षियों की तरह उड़ना और मछलियों की तरह तैरना तो सीख लिया है, किंतु मनुष्य की तरह पृथ्वी पर चलना और जीना नहीं सीखा है। दार्शनिक गेटे की प्रसिद्ध उक्ति है कि जब कोई आदमी ठीक काम करता है तो उसे पता तक नहीं चलता कि वह क्या कर रहा है, पर गलत काम करते समय उसे हर क्षण यह ख्याल रहता है कि वह जो कर रहा है, वह गलत है। गलत को गलत मानते हुए भी इंसान गलत कार्य किए जा रहा है। इसी कारण समस्याओं और अंधेरों के अंबार लगे हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं है, कुछ अच्छे लोग भी हैं, शायद उनकी अच्छाइयों के कारण ही जीवन बचा हुआ है। ऐसी अनेक जिंदगियों को मैंने नजदीक से देखा है। वे सारे फरिश्ते थे, ऐसा मैं नहीं मानता। वे आदमी थे, केवल आदमी। आदमी की सारी अच्छाइयां और कमियां उनमें भी थी। फिर भी मुझे उनमें आदमियत नजर आई। कबीर, दादू, रैदास, आचार्य तुलसी, वल्लभ गुरु आदि को तो पढ़ाई-लिखाई का अवसर ही नहीं मिला, लेकिन संतुलित जीवन और विचारों की साधना ने उन्हें ज्ञानी बनाया और उन लोगों ने जीवन भर उस ज्ञान को लोगों में बांटा। विचारों का असंतुलित प्रवाह नुकसानदेह है, जो इस पर अनुशासन करना सीख लेता है, उसके लिए यह वरदान है और जो इसके वशीभूत होकर अपनी विवेक चेतना खो देता है, वह विनाश की ओर अग्रसर हो जाता है। जीवन के बारे में एक मजेदार बात यह है कि यदि आप सर्वश्रेष्ठ वस्तु से कुछ भी कम स्वीकार करने से इंकार करते हैं तो अक्सर आप उसको प्राप्त कर ही लेते हैं। महात्मा गांधी ने इसीलिए कहा कि हमें वह परिवर्तन खुद में करना चाहिए जिसे हम संसार में देखना चाहते हैं।

# संपादकीय

## ऑपरेशन सिंदूर ने लगाया जख्मों पर मरहम

पहलगाम आतंकी हमले से मिले जख्मों पर ऑपरेशन सिंदूर ने जो मरहम लगाया है, उसकी सराहना स्वाभाविक और आवश्यक है। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ ठिकानों पर भारतीय सेनाओं का हमला वास्तव में दुनिया को यह पैगाम है कि भारत दहशतगर्दी को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत ने आधिकारिक रूप से स्पष्ट कर दिया है कि उसके निशाने पर पाकिस्तानी सेना, उसके सैन्य प्रतिष्ठान और नागरिक नहीं थे,



केवल दहशतगर्दों को निशाने पर लिया गया है। भारत के पास पूरी खुफिया जानकारी थी कि निशाने पर आए नौ ठिकानों पर आतंकी पाले जा रहे हैं। जिस तरह से कुख्यात दहशतगर्द अजहर मसूद के दस से ज्यादा परिजन मारे गए हैं, उससे भी पता चलता है कि भारत का निशाना गलत नहीं था। हां, यह कसर रह गई कि मसूद बच गया। भारत भूला नहीं है कि कंधार में भारतीय विमान व यात्रियों को छुड़ाने के लिए जिन भारत विरोधी आतंकियों को साल 1999 में भारतीय कैद से रिहा करना पड़ा था, उनमें मसूद भी शामिल था। मसूद जैसे अनगिनत आतंकियों को पाकिस्तानी सेना अपनी गोद में छिपाए हुए है और जिन्हें खत्म किए बिना भारत में अमन-चैन मुश्किल है। अव्वल तो ऑपरेशन सिंदूर के पूरे भाव को समझने की जरूरत है। इस अभियान के नाम में ही देश का दर्द छिपा है। इतिहास में दर्ज है कि पहलगाम में केवल मर्दों को मारा गया था और औरतों का सिंदूर मिटाया गया था। अतः ऑपरेशन सिंदूर नाम सुचिंतित और प्रभावी है। इतना ही नहीं, सैन्य अभियान के बाद भारत की ओर से दुनिया को सूचित करने के लिए दो महिला सैन्य अधिकारियों को आगे करने की भी सराहना हो रही है। भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान के पूरे कलेवर तेवर से पता चलता है कि पिछले लगभग दो सप्ताह से कैसी सकारात्मक तैयारी चल रही थी। भारत ने हथियार उठाते हुए भी यही संदेश दिया है कि आतंकियों की खैर नहीं। भारत की दुश्मनी पाकिस्तान के लोगों से नहीं है, सिर्फ आतंकियों से है। दुनिया में दूसरे भी देश हैं, जो अगर किसी से बदला लेते हैं, तो इतनी तैयारी या चिंता नहीं करते। भारत ने मिसाइलों की वर्षा करते हुए भी यह सुनिश्चित किया है कि प्रहार आतंकी ठिकानों तक सीमित रहे। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे भारत विरोधी आतंकी संगठनों को पाकिस्तानी सेना और आईएसआई से मदद मिल रही है। यह बात पूरी दुनिया जानती है, पर ज्यादातर देशों की अनजान बने रहने की पुरानी और शर्मनाक आदत है। खासकर तुर्किये जिस तरह पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा हुआ है, यह दरअसल वही शुतुरमुर्गी मुद्रा है, जिसकी वजह से दुनिया में दहशतगर्दी का खात्मा नहीं हो रहा है। भारतीय राजनय के लिए बड़ी चुनौती है कि वह ऐसे शुतुरमुर्गी रवैये को भी निशाने पर रखे। पाकिस्तान की पुरानी हिंसक प्रवृत्ति है, वह संघर्ष को बढ़ाना चाहता है। उसकी नीति शुरू से ही मजहबी बंटवारे की रही है।

**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## साख का सवाल

न्यायाधीश यशवंत वर्मा मामले में शीर्ष न्यायालय की ओर से नियुक्त तीन न्यायाधीशों की जांच समिति का निष्कर्ष बेहद गंभीर है। समिति की जांच रपट से उजागर तस्वीर चिंताजनक है। गौरतलब है कि आरोपी न्यायाधीश ने अपने ऊपर लगे आरोपों को षड्यंत्र बताया था, लेकिन जांच समिति ने गहन छानबीन के बाद उन सभी आरोपों की पुष्टि कर दी है। साथ ही, प्रधान न्यायाधीश ने उन्हें पद छोड़ने को कह दिया है। अब इस प्रकरण को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर किसी मामले में जजों पर उंगली उठे तो त्वरित कार्रवाई न्यायपालिका की साख के लिए आवश्यक है। न्यायाधीश वर्मा के घर में आग लगने के बाद वहां से जली हुई नोटों की गड्डियां मिलने पर शीर्ष न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लिया था। उससे उम्मीद बंधी थी कि इसमें पारदर्शिता के साथ कदम उठाए जाएंगे। दरअसल, बीते मार्च में दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश वर्मा के सरकारी निवास पर आग लगी थी, जिसे बुझाते वक्त वहां भारी मात्रा में नकदी मिली थी। इस पर उनसे जवाब तलब किया गया, तो उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार कर दिया था। प्रारंभिक जांच के बाद उनसे न्यायिक कार्य वापस लेकर उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था। इस प्रकरण में जांच शुरू होने और जांच समिति का निष्कर्ष आने तक पूरे घटनाक्रम पर शीर्ष न्यायालय ने अपनी नजर बनाए रखी। इस मामले में उसका कड़ा रुख था। समिति को तार्किक नतीजे पर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। उसने इस मामले से संबंधित सभी लोगों से पूछताछ की और तमाम साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसके बाद कुछ छिपा नहीं रह गया। अंततः समिति ने न्यायाधीश पर लगे आरोपों को सही बताया। जब भी किसी न्यायाधीश पर भ्रष्ट आचरण का आरोप लगता है, तो उससे आम आदमी का न्याय प्रणाली से भरोसा डगमगाने लगता है। इसलिए ऐसे मामलों की न केवल तुरंत पारदर्शी जांच, बल्कि उचित कार्रवाई की अपेक्षा भी की जाती है। जांच समिति की रपट के बाद उम्मीद बनी है कि न्यायाधीश वर्मा के खिलाफ त्वरित, उचित और मिसाल बनने लायक निर्णय होगा।



# अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस पर त्रिदिवसीय विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**




अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस समारोह प्रेसिडेंट नमित मेहता जिला कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य अतिथि एडीएम सिटी उदयपुर डॉ. वार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मानद सचिव सुनील गांग ने मुख्य अतिथि, मुख्य वातार्कार के साथ शाखा पदाधिकारियों, सदस्यों एवं मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुवे रेड क्रॉस डे के सभी को बधाई प्रेषित करते हुवे बताया कि रैड क्रॉस मानव सेवा में समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना भारत में वर्ष 1920 में हुई तथा वर्ष 1951 में राजस्थान की शाखा प्रारंभ हुई। उदयपुर की शाखा की स्थापना वर्ष 1967 में हुई जिसमें अच्छी संख्या में आजीवन सदस्यो के सेवाभाव से ओत-प्रोत गरिमामय सदस्य अपनी निरंतर सेवाओं से राजस्थान की सभी शाखाओं में आज भी प्रथम स्थान अंकित करने में सहयोगी है उनका दिल से आभार प्रेषित किया। इस दिवस पर प्रति वर्ष विशेष सेवा कार्यक्रमों से संस्थापक सर हेनरी ट्यूनाट के जन्मदिवस पर त्रिदिवसीय सेवा कार्यों में आज के दिन पर विशेष कार्यक्रम में प्रातः 9:00 बजे पक्षियों हेतु परिंडे लगा कर रेड क्रॉस भवन, से.5, हिरण मगरी, उदयपुर (राज.) पर सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया गया द्वितीय दिवस पर कल दिनांक 9 मई को स्वैच्छिक रक्त दान शिविर हिंदुस्तान जिंक देबारी के सहयोग किया जाना है एवं तृतीय दिवस पर 10 मई को सेंट ग्रेगॉरियस जूनियर पब्लिक स्कूल में डॉ. एस . एस.मेहता के सहयोग से फर्स्ट ट्रेनिंग की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। आज के विशेष सेवा कार्यक्रम में वंचित वर्ग हेतु स्टील के 50 किचन सेट, 100 अंतरवस्त्र, नंगे पांव चलने वालों को 85 चप्पल जोडी, दैनिक जीवन उपयोग की 20 वस्तुओं वाले 100 हाइजिन यूटिलिटी किट, 30 साड़िया, 30 पेटीकोट, 20 महिला सूट, 20 खेसला, 325 नहाने के साबुन, का वितरण आदरणीय एडीएम सिटी उदयपुर डॉ. वार सिंह जी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। तदोपरांत साधारण सभा की बैठक एवं सभागार कार्यक्रम का शुभारम्भ सम्मानित अतिथि एवं पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। स्वागत अभिनंदन की कड़ी में मुख्य अतिथि का पगड़ी, माला एवं उपारना पहनाकर शाखा अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र भंसाली, मानद सचिव सुनील गांग, उपाध्यक्ष नक्षत्र तलेसरा एवं कोषाध्यक्ष राकेश बापना द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य वातार्कार अतिरिक्त प्राचार्या रवींद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज प्रो. डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन डॉ.कीर्ति आशिया का पगड़ी व उपारना द्वारा संस्था की कर्मठ भामाशाह प्रेमलता मेहता, डॉ. राजश्री गांधी, एवं अरुणा चीता द्वारा स्वागत किया गया। विशिष्ठ अतिथि डॉ. विनीत सिंघल का उपर्णा एवं पगड़ी पहना कर उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष ने स्वागत किया।अध्यक्षीय उद्बोधन में सोसाइटी चेयरमैन डॉ. गजेंद्र भंसाली ने सोसाइटी की प्रारंभिक दौर से अभी तक की जानकारी सदन से साझा की। विशेष प्रस्तुति में महाराणा मेवाड विद्यालय की जूनियर रेड क्रॉस टीम द्वारा आजीवन सदस्य गोपाल कृष्ण के नेतृत्व में लाइव प्राथमिक चिकित्सा प्रदर्शन किया गया जिसकी सभी ने खुल कर प्रशंसा की एवं तालियो से बच्चो का हौसला बढ़ाया। इस कार्यक्रम के संयोजक आजीवन सदस्य शांतिलाल नागोरी एवं सुभाष मेहता का सेवा सहयोग सराहनीय रहा उनका मुख्य अतिथि द्वारा उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मानद सचिव सुनील गांग द्वारा किया गया।





महाराणा प्रताप की जयंती पर विशेष


# महाराणा प्रताप को वंदन...!



मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा को हैं नमन,
देशवासियों के दिलों में महाराणा प्रताप को वंदन।
इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम व दृढ प्रण,
स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत किया रण।
मुगल बादशाह अकबर की अधीनता नहीं स्वीकार,
स्वाभिमान व साहस ना झुका सका कोई मक्कार।

मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा को हैं नमन,
देशवासियों के दिलों में महाराणा प्रताप को वंदन।
जीवन संघर्ष में साथ चेतक घोड़ा-रामप्रसाद हाथी,
युद्ध के मैदान में पराक्रमी हो खूब साथ देते साथी।
हल्दीघाटी में युद्ध में अकबर और महाराणा प्रताप,
चेतक की स्वामीभक्ति देख मुगल बादशाह संताप।

मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा को हैं नमन,
देशवासियों के दिलों में महाराणा प्रताप को वंदन।
महाराणा प्रताप थे हल्दीघाटी युद्ध के लिए प्रसिद्ध,
22000 सेना ने 2 लाख सैनिकों विरुद्ध लड़ा युद्ध,
प्रताप को घोड़े चेतक व रामप्रसाद से गहरा लगाव,
समय ऐसा भी आया जब बादशाह के उखड़े पाँव।



**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)**



# बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लॉयन्स क्लब जयपुर मेट्रो के बैनर तले आज बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम एस एम एस हॉस्पीटल के ट्रोमा सेंटर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। लॉयन्स क्लब मेट्रो के एमजेएफ लॉयन सुरेन्द्र जैन पांड्या ने बताया कि इस दौरान क्लब सदस्यों को करीब 3 घंटे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजकुमार राजपाल, राष्ट्रपति भवन में नाइटेंगल पुरस्कार 2024 से सम्मानित राधे लाल शर्मा ने बीएलएस एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया व इनसे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी,वहीं मास्टर ट्रेनर विजेन्द्र गुप्ता, सीमा सारस्वत एवं उर्वशी ने सैद्धांतिक बातों को मानव शरीर के डमी के माध्यम से प्रायोगिक रूप में करके समझाया और उपस्थितजनों की समस्याओं के समाधान भी किए।




इस दौरान रोटरी क्लब सिटीजन के मुख्य समन्वयक नीरज गंगवाल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन, अध्यक्ष लॉयन अनिल जैन, सचिव लॉयन विमल गोलछा, कोषाध्यक्ष लॉयन अनिल जैन, तत्कालीन रीजन चेयरपर्सन लॉयन मृदुला जैन, निवर्तमान अध्यक्ष लॉयन वीरेन कोरडिया, तत्कालीन अध्यक्ष लॉयन इं. सुरेश शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ऐलनाबाद ब्लाक समिति चुनाव में कविता चेयरपर्सन व सुमन देवी वाइस चेयरपर्सन चुनी गई



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय ऐलनाबाद में आज ब्लॉक समिति चेयरपर्सन व वाइस चेयरपर्सन पद हेतु चुनाव एसडीएम पारस भगौरिया, बीडीपीओ रोशन लाल व नगर पालिका सचिव रविन्द्र सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव में सभी 24 सदस्यों ने भाग लिया। चेयरपर्सन पद के लिए ब्लॉक समिति ऐलनाबाद के वार्ड नं. 11 से भाजपा समर्थित कविता देवी पत्नी हेमराज वासी नीमला को 14 वोट मिले जबकि ब्लॉक समिति के वार्ड न 3 से आम आदमी पार्टी समर्थित राजवीर कौर पत्नी दारा सिंह वासी दमदमा को 10 वोट मिले। इस तरह से ब्लाक समिति के चेयरपर्सन पद के लिए भाजपा समर्थित कविता देवी चार वोटो से विजई हुई। ब्लॉक समिति ऐलनाबाद के वाइस चेयरपर्सन पद हेतु वार्ड नंबर 8 से भाजपा समर्थक सुमन पत्नी पवन कुमार वासी ढाणी लखजी को 14 वोट मिले जबकि वार्ड नंबर 20 से कांग्रेस समर्थित लखविंदर सिंह सिंह पुत्र झीमन सिंह वासी मल्लेका को 10 वोट मिले। इस तरह से ब्लाक समिति वाइस चेयरपर्सन पद के लिए भाजपा समर्थित सुमन देवी चार वोटो से विजई हुई। उल्लेखनीय है कि पहले भी कविता देवी व सुमन ब्लाक समिति ऐलनाबाद की चेयरपर्सन व वाइस चेयरपर्सन चुनी गई थी लेकिन गत दिनों ब्लाक समिति के सदस्यों ने उक्त दोनों पर क्षेत्र में विकास कार्य ना करवाने का आरोप लगाते हुए जिला उपायुक्त के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। उसके बाद दोनों के खिलाफ हुई वोटिंग के चलते दोनों को पद से हटा दिया गया था लेकिन आज चेयरपर्सन व वाइस चेयरपर्सन के लिए हुई वोटिंग में उक्त दोनों ने फिर से अपने अपने अपने पद पर जीत हासिल की है।

# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में दंत जांच शिविर का सफल आयोजन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के बाईपास पर स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल में आज एक दिवसीय निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पारीक हॉस्पिटल, ऐलनाबाद के सौजन्य से लगाया गया, जिसमें प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. अनिल पारीक एवं उनकी टीम के सदस्यों संदीप सहारण एवं संतोष रानी ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का शुभारंभ विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्ध, प्रशासक अशोक कुमार व प्रिंसिपल सत्यनारायण पारीक द्वारा किया गया। इस दंत जांच शिविर में विद्यार्थियों व अध्यापकों के इलावा 200 से अधिक लोगों के दांतों की जांच की गई। विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्ध ने डॉ. अनिल पारीक एवं उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि नचिकेतन पब्लिक स्कूल समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास पूर्ण रूप से हो सके। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा डॉ. अनिल पारीक, संदीप सहारण एवं संतोष रानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रैस प्रवक्ता गुरसेवक सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा
स्व.श्रीमती विमला शाह धर्मपत्नी स्व.श्री सुनीत कुमार जी शाह (बोली वाले)
की पुण्य तिथि पर उनके परिवार के सहयोग से



श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के छात्रों को प्रातः भोजन करवाया जायेगा जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

शनिवार, 10 मई 2025 प्रातः 10.00 बजे से

स्थान : श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान (बालक छात्रावास) सांगानेर, जयपुर

सहयोग : श्रीमती ममता धर्मपत्नी स्व. संजय जैन
श्री राजेश कुमार जैन- श्रीमती अंशु
संचय, अरह शाह (बोली वाले)

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
अध्यक्ष मनीष-शोभना लोंग्या
संस्थापक अध्यक्ष राकेश-समता गोदिका
सचिव राजेश-रानी पाटनी
कोषाध्यक्ष : दिलीप-प्रमिला पाटनी


Printed by : Vardhman Printers

# जैन सोशल ग्रुप सनशाइन द्वारा दीक्षार्थी श्री दौलतराज तातेड़ एवं श्री ज्ञानचंद भंडारी का भव्य अभिनंदन समारोह संपन्न



अमित गोधा. शाबाश इंडिया

**ब्यावर।** जैन समाज के लिए गौरवपूर्ण क्षण में जैन सोशल ग्रुप सनशाइन द्वारा दीक्षार्थी श्री दौलतराज तातेड़ एवं श्री ज्ञानचंद भंडारी के सम्मान में भव्य अभिनंदन एवं अनुमोदना समारोह मुक्त मिश्री भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिकों और ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत समूह की महिला सदस्यों द्वारा संगीतमय चौबीसी से हुई, जिसमें भगवान की स्तुति एवं तीर्थंकरों का गुणगान किया गया। मुमुक्षुओं के स्वागत में भावपूर्ण गीतों ने समारोह को आध्यात्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। समूह अध्यक्ष राहुल ओस्तवाल ने बताया कि यह समारोह न केवल दीक्षार्थियों के त्याग का सम्मान है, बल्कि समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का माध्यम भी है। प्रीति डेढ़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ''दीक्षा जीवन का सबसे बड़ा आत्मिक निर्णय है, जो तप, त्याग और साधना का प्रतीक है।'' दीक्षार्थी श्री दौलतराज तातेड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''सांसारिक मोह और जिम्मेदारियों के बावजूद आत्मज्ञान की राह ने मुझे दीक्षा की ओर प्रेरित किया।'' उन्होंने सभी को धर्मसंकल्प लेने की प्रेरणा दी। श्री ज्ञानचंद भंडारी ने भक्ति रस से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुत करते हुए सभी से दीक्षा महोत्सव में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन पंकज डेढ़िया ने किया। समारोह में प्रमुख रूप से प्रीति ओस्तवाल, शिल्पा बोहरा, नेहा तातेड़, ममता तातेड़, इंदु सांखला, नेहा श्रीश्रीमाल, मीनाक्षी श्रीश्रीमाल, पूजा कोठारी, रचना रूनीवाल, संस्थापक अध्यक्ष वैभव सुखलेचा, पूर्व अध्यक्ष मनीष मेहता, एवं भूपेश भंसाली सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सेक्रेटरी भूपेश भंसाली ने सभी उपस्थित जनों का आभार प्रकट किया।

# भोपाल जैन समाज ने चढ़ाया गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को चातुर्मास हेतु श्रीफल

**इंदौर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ का बीस पंथी मंदिर से समवशरण मंदिर इंदौर के लिए मंगल विहार हुआ। भोपाल समाज ने पूज्य माताजी ससंघ के चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया। माताजी ससंघ ने कांच मंदिर के दर्शन किये। माताजी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जमाना नहीं बदला अपितु हमारी सोच बदलती जा रही है। सोच के अनुसार हमें वस्तु उस रूप दिखाई देती है इसलिए कहा जाता है जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। दुख की मूल जड़ हमारी सोच और इच्छा है। अपनी इच्छाओं पर कंट्रोल करना सीखो, साधनों में नहीं साधना में रहना सीखो। लोगों में साधना नहीं होती योगों में साधना होती है। धर्म सुविधाओं में नहीं होता, कष्टों में होता है। अपनी सोच में स्वार्थपना नहीं होना चाहिए। स्वार्थ से किया गया धर्म हमें फल नहीं देगा। सृष्टि को बदलने का प्रयास मत करो अपनी दृष्टि को बदलने की कोशिश करो। अपने नजारे को बदलो किनारे बदल जायेंगे। मिथ्यादृष्टि की नहीं सम्यग्दृष्टि की सोच बनाओ क्योंकि 1 मिनट में जिंदगी नहीं बदलती लेकिन 1 मिनट की सोच से पूरी जिंदगी बदल जाती है।




## श्री अशोक-श्रीमती गरिमा जैन

सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति




9 मई '25

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका

सचिव: राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया

shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के पोस्टरों एवं बेनर का हुआ विमोचन

### दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में लगेगा शिविर, निवाई शहर के पांच स्थानों पर लगाया जाएगा शिक्षण शिविर




**निवाई. शाबाश इंडिया।** आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर के बेनर का विमोचन किया गया जिसमें महासमिति संभाग संरक्षक महावीर प्रसाद पराणा, अध्यक्ष हुकमचंद जैन मंत्री विमल जौंला, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद सोगानी, एडवोकेट रवि जैन महासमिति महिला ईकाई अध्यक्ष शशी सोगानी मंत्री शकुंतला छाबड़ा कोषाध्यक्ष मेना सोगानी प्रियंका पराणा अंजना जैन सलोनी जैन मीनाक्षी भाणजा ने धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के बेनर का विमोचन किया एवं सभी महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं श्री फल चडाक र शिविर की सफलता के लिए अनुनय विनय की। महिला महासमिति ईकाई की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि आगामी 18 मई से 27 मई तक बच्चों एवं वरिष्ठ जनो के लिए धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें 18 मई को शिविर का विधिवत मंत्रोच्चार के साथ उद्घाटन किया जाएगा। शिविर के लिए दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला जैन बिन्दायका मंत्री सुनीता गंगवाल एवं कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन जयपुर, एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन पांडया एवं प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन आई पी एस, महामंत्री महेन्द्र गंगवाल ने प्रेरित किया। प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि शिविर में नसियां जैन मंदिर पाठशाला, अग्रवाल मंदिर पाठशाला, इन्द्रा कालोनी जैन पाठशाला, शांतिसागर पाठशाला, एवं चंद्र प्रभु पाठशाला के बालक बालिकाओं को महासमिति महिला ईकाई के पदाधिकारियों द्वारा धार्मिक शिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए गुरुवार को नसियां जैन मंदिर में शिक्षण शिविर के बेनर का विमोचन किया गया। हितेश छाबड़ा एवं राकेश संधी ने बताया कि इस दौरान सभी पदाधिकारियों को आर्यिका विशेष मति माताजी ने शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी को मंगलमय आशीर्वाद प्रदान किया।

# जरूरतमंदों को वॉटर कूलर, एयर कूलर और मिठास भरे पल प्रदान किए: अर्हम फाउंडेशन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सेवा के लिए समर्पित अर्हम फाउंडेशन ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए लगातार तीसरे वर्ष समाजसेवा की मिसाल पेश की है। फाउंडेशन ने जय जवान कॉलोनी-कककमें स्थित आदर्श विद्या मंदिर में एक वॉटर कूलर स्थापित कराया, जिससे विद्यालय के बच्चों को अब गर्मी में ठंडे, स्वच्छ एवं शुद्ध पानी की सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी अर्हम फाउंडेशन जयपुरिया अस्पताल और बरकत नगर मंदिर में वॉटर कूलर की व्यवस्था कर चुका है।




इसी क्रम में, मानसरोवर के शिप्रा पथ क्षेत्र की कच्ची बस्ती में स्थित 'माँ की पर्णकुटी' स्कूल में बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए एक एयर कूलर भी प्रदान किया गया। इसके साथ ही, स्कूल के बच्चों को कुकीज भी वितरित की गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह देखा गया। अर्हम फाउंडेशन की मंजू जैन ने बताया कि फाउंडेशन की सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत दोनों संस्थानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सदस्यों के सहयोग से यह कार्य सफल हुआ है।

# एनसीसी कैडेट्स का किया गया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आरयू के कॉमर्स कॉलेज के होनहार कैडेट्स अंडर ऑफिसर रोहित चोपदार, अभिषेक जाट, सार्जेंट अभिषेक गुर्जन कर्तव्य पथ पर हुई परेड में चयन हुआ था.साथ ही कैडेट अजय सागर का थल सेना सैनिक कैंप नई दिल्ली में चयन हुआ। इसी उपलब्धि में कैडेट्स का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर विभाग के अतिरिक्त आयकर सुशील कुलहरि ने किया सम्मानित ओर साथ डटकर मेहनत करे सफलता जरूर मिलती है। इस मौके पर प्रिंसिपल प्रो. भवानी शंकर, लेफ्टिनेंट निशांत स्वामी, उपप्राचार्य डॉ.पीसी सैनी, डॉ एम.एल वसीठा समेत कई प्रोफेसर मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में फिर चलेगा आंचल का जादू




### 9 मई से गौतम स्कूल ग्राउंड में होगा जादुई धमाका

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जादू की दुनिया की एक प्रतिष्ठित और प्रेरणादायक हस्ती, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जादूगर आंचल एक बार फिर अपने जादुई संसार के साथ भीलवाड़ा लौट रही हैं। इस बार गर्मी की छुट्टियों में शहरवासियों को मिलेगा रोमांच, रहस्य और रंगीन कल्पना का अद्भुत संगम। 9 मई से शुरू हो रहा यह भव्य मैजिक शो भीलवाड़ा के गौतम स्कूल ग्राउंड (कृषि उपज मंडी के सामने) में आयोजित किया जाएगा, जहाँ हर दिन चमत्कार और कल्पना के रंग बिखरेंगे।

### कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

**सोमवार से शनिवार:** प्रतिदिन दो शो
**रविवार:** विशेष तीन शो बच्चों और परिवारों के लिए खास प्रस्तुतियां

जादूगर आंचल जिनका नाम भारत की सबसे कम उम्र की महिला जादूगर और प्रेरणास्रोत के रूप में लिया जाता है। अब तक 27 वर्षों में 15,000 से अधिक सफल शो कर चुकी हैं। वे राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स जैसी प्रतिष्ठित उपलब्धियों से सम्मानित हैं। उदयपुर की इस बेटी का यह भीलवाड़ा में सातवाँ दौरा है, और हर बार की तरह इस बार भी लोगों की उत्सुकता चरम पर है। शो के डायरेक्टर श्री गिरधारी कुमावत ने बताया, ह्ययह शो केवल जादू नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है जहाँ हँसी है, हैरत है, सोच है और प्रेरणा भी। आंचल जी की प्रस्तुतियाँ न केवल चमत्कार दिखाती हैं, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश भी देती हैं। हर प्रस्तुति में छिपा होता है वर्षों का अभ्यास, कल्पनाशीलता और एक ऐसा सपना जो दर्शकों की आँखों में चमक और दिल में उम्मीद जगा देता है। तो आइए, इस गर्मी की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ बनाइए कुछ अविस्मरणीय पल जब आंचल का जादू आपके शहर में फिर से बिखेरेगा अपनी चमक।

# आस्था के साथ की गई पूजा भक्ति सार्थक होती है : मुनिश्री विलोक सागर



मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया

**मुरैना।** जब हम पाषाण की प्रतिमाओं को नमन करते हैं, उनकी पूजा एवं भक्ति करते हैं तब मन में पूर्ण आस्था होना चाहिए। आप उन्हें इस प्रकार नमन करे, आप उनकी पूजा भक्ति इस प्रकार करें जैसे आपके सामने साक्षात प्रभु विराजमान हैं। भले ही संसार के सभी अनास्था वाले व्यक्ति उसे पाषाण समझे, लेकिन आप अपने मन में आस्था रखते हुए भक्ति करना। कभी भी अपने इष्ट के प्रति अनास्था नहीं रखना चाहिए। जिनके पास आस्था है, जिनके हृदय में आस्था विराजमान है वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनके पास अमूल्य निधि है। आस्था के साथ अपने इष्ट की आराधना, भक्ति, पूजन करोगे तो अपने आप को हटागृह से मुक्त पाओगे। आस्था के बिना किया गया पूजा, पाठ, भक्ति व्यर्थ होती है और आस्था के साथ की गई पूजा भक्ति सार्थक होती है। इसलिए सदैव याद रखना जब भी अपने इष्ट की भक्ति करें, ये मानकर करें कि वे साक्षात आपके सामने विराजमान हैं। अगर मन में आस्था है तो आप अपने इष्ट के सिद्धांतों को सहज स्वीकार करेंगे। अनास्था रखने वाला व्यक्ति कभी भी अपने इष्ट के सिद्धांतों को स्वीकार नहीं करता है। उक्त उद्गार दिगम्बर जैन संत मुनिश्री विलोकसागर महाराज ने बड़ा जैन मंदिर मुरैना में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठवें दिन धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।


## श्री विजय कुमार - श्रीमती कुमुद जैन

**सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति**



Happy Anniversary

9 मई ' 25

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं**

शुभेच्छु

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या
संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका
सचिव: राजेश - रानी पाटनी
कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन
सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


# खण्डेलवाल ढावेवालाज का भव्य शुभारम्भ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वाद और शुद्धता के पर्यायवाची के रूप में वर्तमान में खण्डेलवाल ढावे बालाज का नाम जनता की पहली पसंद बनता जा रहा है। स्थानीय गोपालपुरा बाईपास रोड पर आज खण्डेलाल ढावेबालाज की तीसरी यूनिट का शुभारम्भ किया जा रहा हैं। इस अवसर पर प्रांगण में सर्वप्रथम णमोकार महामंत्र के साथ श्री भक्ताम्बर स्तोत्र की संगीतमय आराधना 48 दीपको से की जाएगी। ढावेवालाज के संस्थापक मुकेश मित्तल ने बताया की इनकी प्रथम शाखा गांधी पथ वैशाली नगर एवं द्वितीय शाखा पत्रकार कालोनी रोड ' न्यू सांगानेर रोड पर गतिमान है जिसे भोजन रसास्वादन करने ने अत्याधिक पसंद किया है आज तीसरी शाखा का शुभारम्भ माननीय विधायक एवं हाथोज आश्रम के अधिष्ठाता श्री बालमुन्कन्दाचार्य जी महाराज के कर कमलों से सम्पन्न कराया जाएगा। सह संचालक अनुराग खण्डेलवाल व इंजीनियर प्रिंस जैन ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठानों की सुपहचान का मुख्य कारण है कि यहाँ उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री पूरी शुद्धता व सफाई के साथ प्रयोग की जाती है। यहाँ जैन भोजन भी हर समय तैयार मिलता है। परिवार के साथ आने बालों पर भी पूर्ण सुख सुविधा की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शुद्ध शाकाहारी भोजन चाहने वालों को खण्डेलवाल ढाबे बालाज का पूर्ण स्नेह व विश्वास मिल रहा है।